गांव का स्कूल होगा स्मार्ट

उदयपुर. एमपीयूएटी के गोद लिए कडेछावास गांव के माध्यमिक विद्यालय के भवन विस्तार का उद्घाटन सांसद अर्जुन लाल मीणा ने सोमवार को किया। आईआईएफ एल की सीईओ सारिका कुलकर्णी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने विद्यालय परिसर विस्तार में सहयोग दिया है। इसी क्लास रूम में मॉर्डन फर्नीचर और पांच कम्प्यूटर लगाएंगे। विधायक प्रतापलाल भील, कुलपति उमाशंकर शर्मा, मधु निर्मल जैन, डॉ. आईजी माथुर, नरेश डांगी, डॉ. सुभाष भार्गव, इन्दु हाड़ा आदि मौजूद थे। संचालन प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिंह ने किया।